डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.६२ आर.एन.आई.संख्या ४०३६७/८४ नेट संस्करण www.awajdarpan.com पर पढ़ें

साप्ताहिक

# आवाज दर्पण

प्रत्येक रविवार

बस्ती (उ.प्र.) वर्ष ४९ अंक ४२ रविवार ०६ अक्टूबर से १२ अक्टूबर २०२४ मूल्य तीन-रुपये

## पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने जल शक्ति मंत्री से किया जल जीवन मिशन में मनमानी रोकने की मांग


**संवाददाता–बस्ती।** रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र देकर जल जीवन मिशन योजना में व्याप्त मनमानी, गुणवत्ता में कमी आदि की जांच कराकर प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया। इसी कड़ी में उन्होने प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर उन्हें जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वन में मनमानी पर अंकुश लगाये जाने, दोषियों पर कार्रवाई किये जाने का आग्रह किया जिससे योजना का पूरा लाभ नागरिकों को मिल सके।

पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को दिये पत्र में कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 309 रूधौली अन्तर्गत क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान उन्हें बताया कि सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी गावों में स्वच्छ पेय जल मुहैया कराने के उद्देश्य से भूमिगत पाइप लाइन बिछाने, वाटर हेड टैंक के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए चयनित फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फा प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज को जिम्मेदारी सौंपी गयी थी। योजना को निर्वाध रूप से संचालन के लिए विभिन्न पटलो पर तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति



मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर कम्पनी को नामित किया गया है। जिसके द्वारा 13 तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति की जानी थी। इसके लिए वर्ष 2021 में ही संबंधित ब्लाको पर दो दिवसीय प्रशिक्षण की प्रक्रिया पूरी करायी गयी। लेकिन अभी तक तकनीकी कार्मिको की नियुक्ति नही हो सकी है। मिशन में नियुक्त शासन के अधिकारी, कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का पूर्ण रूप से निर्वहन नही कर रहे है, जिससे फर्म की मनमानी बढ़ रही है। इसके अलावा फर्मों द्वारा 30 प्रतिशत पर पेटी कान्ट्रैक्टरो से कार्य कराया जा रहा है, जिससे एक तरफ जहां कार्य की गुणवत्ता क्षीण हो रही है तो वही पेटी कान्ट्रेक्टरो का भुगतान भी लम्बित है और फंसता जा रहा है। उन्होने आग्रह किया कि निष्पक्ष रूप से नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराने तथा आवश्यकतानुसार अन्य कर्मचारियों की नियुक्ति किये जाने, पेटी कान्ट्रेक्टरो द्वारा किये जा रहे कार्य की गुणवत्ता को परखते हुए मुख्य फर्मों को भुगतान की प्रक्रिया सुनिश्चित कराया जाय।

इसी कड़ी में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर पूर्व विधायक संजय प्रताप ने बताया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सभी गावों में भूमिगत पाइप लाइन बिछाने, वाटर हेड टेंक के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए फर्म मेसर्स मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फास्ट्रचर, मेसर्स वी.एस.ए. इन्फा प्रोजेक्ट, मेसर्स जैक्शन विश्वराज को चयनित किया गया था। जिनके द्वारा घर घर पेय जल पहुंचाने के लिए सड़को की पटरियों से होकर पाईप बिछाने का कार्य किया गया था। इस दौरान क्षतिग्रस्त हुए सड़क व उसकी पटरियों को संस्था द्वारा यथा स्थिति नही बनाया गया। सड़को की पटरियां क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण राजस्व की भारी क्षति तो हुई ही है, आम जनता को भी आने जाने में काफी असुविधाएं आ रही है। शासन का स्पष्ट आदेश भी जारी हुआ है कि कार्यदायी संस्था द्वारा पाइप बिछाने के दौरान खोदे गये सड़को की पटरियों को गुणवत्ता पूर्ण पुर्ननिर्माण कराते हुए उसकी तय सीमा तक रख रखाव करने की जिम्मेदारी होगी। यह भी संज्ञान में आया है, कि वाटर हेड टैंक, पाइल लाईन, टोटी फिटिंग सहित अन्य कार्य का निर्माण कार्य पूर्ण होने के सम्बन्ध में ग्राम पंचायत के प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर कर जिला प्रशासन को सन्तोषजनक कार्य की आख्या प्रस्तुत कर दी जा रही है। जिसपर जल जीवन मिशन के जिम्मेदार अधिकारी बिना स्थलीय निरीक्षण के भुगतान की प्रक्रिया भी कर दी गयी है। इससे जहां कार्य की गुणवत्ता क्षीण हुई है तो महत्वपूर्ण योजना में सरकार की छवि भी भूमिल हो रही है। जिसकी जांच कराकर दोषी फर्मों एवं जिम्मेदार अधिकारियों , कर्मचारियों पर विधिक कार्यवाही किया जाय। पूर्व विधायक ने बताया कि जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मामले में प्रभावी कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया है।



**सीधा साधा सच्चा लिख,जो भी लिख, पर पक्का लिख।**
**मत लिख इनके–उनके जैसा, केवल अपने जैसा लिख।।**

*– बालसोम गौतम*

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 **R.N.I.** 40367/84

साप्ताहिक
# आवाज दर्पण
प्रत्येक रविवार

# जेल में जाति का जहर

सर्वोच्च न्यायालय ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने के लिये सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को तुरंत प्रभाव से जेल मैन्युअल में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है। कोर्ट ने कहा कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल, एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि स्पष्ट है जेल नियमावली साफ तौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी डिटेल्स का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी–खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे। दरअसल एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले में पहली सुनवाई जनवरी 2024 में हुई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 17 राज्यों को नोटिस भेजकर जवाब मांगा था। छह महीने के भीतर केवल उत्तर प्रदेश, झारखंड, ओडिशा, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल ने ही अपना जवाब कोर्ट में दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पत्रकार सुकन्या ने वर्ष 2020 में एक शोध रिपोर्ट तैयार की थी। जिसमें तीन मुख्य राज्यों का उदाहरण दिया गया था। जिसमें राजस्थान का उल्लेख किया गया था कि यदि कैदी नाई है तो उसे बाल व दाढ़ी बनाने का काम मिलेगा, ब्राह्मण कैदी को खाना बनाने का काम मिलेगा और वाल्मीकि कैदी को सफाई का काम दिया जाता था। वहीं उत्तर प्रदेश के जेल मैन्युअल 1941 में जातिगत पूर्वाग्रहों को बनाये रखने वाले प्रावधानों का उल्लेख पाया गया। उल्लेखनीय है कि कोर्ट ने इस मामले में दस महीने के भीतर ही सुनवाई पूरी कर ली थी। यहां तक कि दस जुलाई को आखिरी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उत्तर प्रदेश की जेल नियमावली के कुछ प्रावधानों को अदालत में पढ़ा और उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगायी। कोर्ट ने उत्तर प्रदेश व पश्चिम बंगाल की जेल नियमावली को पढ़ते हुए कहा कि ये नियम बेहद तकलीफदेह हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्रालय ने भी फरवरी में एक नोटिस जारी करके कहा था कि ये भेदभाव गैरकानूनी है। साथ ही कहा कि जेल मैन्युअल कैदियों को धर्म व जाति के आधार पर बांटते हैं। उसी आधार पर काम बांटते हैं। साथ ही राज्यों व केंद्र सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया था कि उनके राज्यों में जेल के नियमों में किसी तरह का भेदभावपूर्ण प्रावधान न हो। वहीं दूसरी ओर अधिकारियों को कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार करने को कहा गया था। साथ ही यह भी कि प्रत्यक्ष व परोक्ष भेदभावपूर्ण व्यवहार से कैदियों में कटुता पैदा होगी। शीर्ष अदालत ने इस भेदभाव को औपनिवेशिक शासन की विरासत बताते हुए तुरंत खत्म करने को कहा क्योंकि हर कैदी भी गरिमा से जीवन जीने का अधिकार रखता है।

# ईरान-इजरायल के बीच ऐलान-ए-जंग का दुष्प्रभाव

**— कमलेश पाण्डेय—**



दुनिया का थानेदार अमेरिका और उसका प्रबल प्रतिद्वंद्वी रूस (पूर्व सोवियत संघ का काबिल वारिस) के बीच अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो कुछ भी हुआ, हो रहा है अथवा होगा, वह कोई नई बात नहीं है। क्योंकि अमेरिका–इंग्लैंड की युगलबंदी को संतुलित करने के लिए रूस–चीन का गठजोड़ रणनीतिक पूर्वक आगे बढ़ रहा है। इसलिए हाल में ईरान–इजरायल के बीच शुरू हुए ऐलान–ए–जंग के अंतर्राष्ट्रीय प्रभाव को इसी परिप्रेक्ष्य में जानने–समझने की जरूरत है।

समझा जाता है कि जिस तरह से अमेरिका, यूक्रेन की पीठ थपथपा रहा हैय ठीक उसी तरह से रूस, अब फिलिस्तीन, लेबनान और ईरान को शह दे रहा है। क्योंकि उसकी स्पष्ट सोच है कि यूक्रेन में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो की मदद तभी थमेगी, जब वह इजरायल के बचाव में मध्यपूर्व के देशों के साथ सीधे तौर पर उलझेगा।

यही वजह है कि जब हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठन अपने प्रभाव वाले इलाके में इजरायल के सामने कमजोर पड़ने लगे तो हौसलाअफजाई के लिए उनके आका ईरान को इजरायल के खिलाफ सामने आना पड़ा। उधर जब अमेरिका भी इजरायल के साथ खुले मैदान में उतर गया, तो अब ईरान के तरफदारी में रूस की घोषणा की ओर सबकी निगाहें जमीं हुईं हैं।

वैसे भी इजरायल पर एकाएक बरसीं 200 ईरानी मिसाइलों के बाद अब इजरायली प्रतिक्रिया कितनी भयानक होगी, इस ओर भी पूरी दुनिया की नजर टिकी हुई है। ऐसा इसलिए कि ईरान के हमले के बाद भी इजरायल का हिजबुल्लाह पर एक्शन थमा नहीं है। उसने लेबनान के बेरूत के दक्षिणी इलाकों में भीषण हवाई हमले किए। मतलब लेबनान में फिर बमबारी की। ये हमले हिजबुल्लाह के अहम ठिकानों पर किए गए।

ईरान के हमले के बाद इजरायल ने दो टूक कहा कि हमारा जवाबी ऑपरेशन प्लान तैयार है। हम तय करेंगे कि जवाब कब देना है। जहां भी और जब भी होगा, हम ईरान पर हमला करेंगे। वहीं, ईरान के सेना प्रमुख ने धमकी दी कि अगर उनके देश पर हमला हुआ, तो वो इजराइल के सारे इंफ्रास्ट्रक्चर को तबाह कर देंगे। इससे तय है कि बात अभी और बढ़ेगी।

इसलिए पुनः यह सवाल मौजूं है कि आखिर में प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्वयुद्ध की भयावह त्रासदी को झेलने के बावजूद समकालीन दुनिया स्थाई शांति की परिकल्पना करने के बजाय तीसरे विश्वयुद्ध की परिस्थितियों को बढ़ावा देने पर क्यों तुली हुई हैं? क्या उनका यह कदम उस लोकतंत्र के मुंह पर करारा तमाचा नहीं है, जो स्वतंत्रता– समानता–बंधुत्व की बात करते हुए नहीं अघाता है।

सही मायने में तो अब संयुक्त राष्ट्र संघ भी दुनियावी विरोधाभाषों को खत्म करने या उन्हें सुलझाने की दृष्टि से पूरी तरह से विफल साबित हो चुका है। विशेषज्ञों के मुताबिक, शीत युद्ध कालीन करतूतों की बात यदि छोड़ भी दी जाए, तो समकालीन वैश्विक करतूतें यही इशारे कर रही हैं कि हथियारों के सौदागरों को जिंदा रखने के लिए दुनियाभर में जारी छद्मयुद्धों की बजाए रूस–यूक्रेन युद्ध, इजराइल–फिलिस्तीन युद्ध जैसे अन्य युद्ध भी बेहद जरूरी हैं। इसलिए हर ओर विरोधाभासों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सच कहूं तो ये वही ताकतें हैं जो भारत–पाक युद्ध, भारत–चीन युद्ध, चीन–ताइवान युद्ध को लंबा चलने देने की परिस्थिति पैदा करने में जब विफल हुईं तो उन्हें अपने ही पड़ोस में नए–नए मोर्चे खोलने पड़े। क्योंकि दुनिया की फैक्टरियों में जब हथियार बनेंगे तो उनके खपत के लायक नित्य नया क्षेत्र चुनने की पहल तो सत्ताधीशों को करनी ही होगी। बहरहाल, अमेरिकन और रूसी नेतृत्व यही कर रहा है। चीनी और भारतीय नेतृत्व भी इसी उधेड़बुन में पड़ा है।

आप मानें या न मानें, लेकिन अमेरिका–रूस गुट को आपस में भिड़ाकर और लंबे युद्ध में उलझाकर उन्हें कमजोर होने देने और खुद को दुनिया का नया थानेदार बनाने की जो चीनी चाल है, और उसके दृष्टिगत भारत की जो चुप्पी है, उससे अमेरिका–रूस दोनों की घिग्गी बंधी हुई है। शायद भारत भी चीन को पछाड़कर यही मंसूबा पाले हुए है।

सच कहूं तो भले ही मुस्लिम आतंकवाद कभी अमेरिकी–ब्रिटिश एजेंडा रहा हो, लेकिन अब रूस–चीन गठबंधन भी इसी एजेंडे को आगे बढ़ाकर तेल के खेल में अमेरिकी नेतृत्व वाले नाटो को पटखनी देने की रणनीति अख्तियार कर चुका है। जिसका साइड इफेक्ट्स आज इजरायल झेल रहा है और कल भारत के समक्ष भी इजरायल वाली परिस्थिति को पैदा किया जा सकता है, यदि उसका ज्यादा झुकाव अमेरिकी गुट की तरफ हुआ तो।

मसलन, पश्चिमी एशिया व मध्यपूर्व एशिया समेत दुनिया के इस्लामिक देशों और इसके कतिपय आतंकी शासकों का दुर्भाग्य यह है कि तेल से अर्जित समृद्धि का सदुपयोग वह अपने मुल्क के नागरिकों को ज्ञान–विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के बजाए उन्मुक्त उपभोग, धार्मिक कट्टरता और आतंकवाद की भावना को पैदा करके उसको निर्यात करने में लगा दिया। क्योंकि उनके अंतर्राष्ट्रीय पॉलिटिकल बॉस को यही पसंद है। इससे इजरायल और भारत जैसे देशों की परेशानी बढ़ी, लेकिन वो यह भूल गए कि प्रकृति वही लौटाती है, जो हमलोग बांटते हैं।

यही वजह है कि चाहे अमेरिका हो, रूस हो, चीन हो, या बड़े इस्लामिक मुल्क, जब प्रकृति उन्हें छद्मयुद्ध, युद्ध और आतंकवाद की सौगात वापस करने लगी है तो अब ये देश उसे संभालने–झेलने में असमर्थ ही नहीं हैं, बल्कि भौचक्के भी रह जा रहे हैं। आपको ईरान–इराक युद्ध याद होगा। ईरान–अमेरिकी जंग भी याद होगी। तालिबान (अफगानिस्तान)–अमेरिका युद्ध ज्यादा पुरानी बात नहीं हुई है। अमेरिका और सीरिया के बीच जो कुछ हुआ, या हो रहा है, वह सभी जानते हैं।

जानकारों के मुताबिक, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान, इराक या मध्यपूर्व के देशों में अमेरिकी रणनीति यदि विफल हो रही है, तो उसके पीछे रूस की बहुत बड़ी भूमिका है। आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड, फ्रांस जैसे बड़े मुल्क इस्लामिक आतंकवाद व कट्टरता की चपेट में हैं, तो इसके पीछे भी रूसी–चीनी अंतर्राष्ट्रीय शह ही है।

दिलचस्प बात तो यह है कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अपनी रणनीति बदली है और खुद को उम्मीद से ज्यादा मजबूत बनाया है, इसलिए वह अब अंतर्राष्ट्रीय सत्ता संतुलन का केंद्र बन चुका है। भारत भी अब हथियारों के सौदागरों की टीम में शामिल होने को बेताब है।

अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में चीनी चाल के दृष्टिगत ही भारत सरकार सोच–समझकर कोई कदम उठाती है। इसलिए अब दुनिया की धड़कन इस बात को सोचकर बढ़ रही है कि यदि तीसरा विश्वयुद्ध शुरू हुआ तो भारत किधर होगा? क्या वह तीसरी दुनिया के देशों के साथ तटस्थ रहेगा, या फिर रूस से अपनी पुरानी यारी और अमेरिका से अपनी नई यारी निभाएगा!

यही नहीं, जब दुनिया में महंगाई बम फूटेगा, तो उस स्थिति को भारत कैसे संभालेगा। वैसे तो ईरान और इजरायल दोनों भारत के करीब हैं, लेकिन इजरायल और भारत का उद्देश्य एक है–आतंकवाद का समूल सफाया। शायद यह होने का असली वक्त भी अब आ रहा है। भारत की रणनीति साफ होनी चाहिए कि राज्य प्रायोजित आतंकवाद को खत्म किया जाए। पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान आदि द्वारा प्रोत्साहित आतंकवाद जितनी जल्दी कुचला जाएगा, दुनिया उतनी जल्दी ही चौन की सांस ले सकेगी।

इधर ईरान–इजरायल के बीच जंग के आसार के चलते कच्चे तेल में भी तेजी देखने को मिल रही है। इससे दुनियाभर में महंगाई बढ़ने के आसार प्रबल हैं। इस हमले के बाद से कच्चे तेल के दामों में 4 फीसदी की तेजी आ गई है। ऐसे में दुनियाभर में महंगाई फिर से बढ़ने के आसार प्रबल हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस मिसाइल हमले से जुड़ी बातों के बीच गत 1 अक्टूबर मंगलवार को ही क्रूड ऑयल का भाव बढ़ गया। ब्रेंट वायदा 3.5: बढ़कर 74. 2 डॉलर प्रति बैरल हो गया, जबकि यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 2.54 डॉलर या 3.7: बढ़कर 70.7 डॉलर हो गया। कहना न होगा कि दुनियाभर में कच्चे तेल में होने वाले उतार–चढ़ाव से वैश्विक अर्थव्यवस्था सीधे तौर पर प्रभावित होती है। जबकि युद्ध से ग्लोबल सप्लाई चौन भी टूट जाती है। ऐसे में आयात और निर्यात की गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं, जिससे महंगाई बढ़ने लगती है। पिछले साल रूस और यूक्रेन युद्ध के दौरान भी ऐसा ही हुआ था, जब रूस के यूक्रेन पर अटैक के बाद ग्लोबल सप्लाई चौन बुरी तरह से प्रभावित हुई थी। वहीं, कच्चे तेल के दामों में भी जबरदस्त तेजी आई थी। वहीं, इस जियोपॉलिटिकल टेंशन का असर शेयर बाजार पर भी देखने को मिल रहा है।

# सनातन के रक्षा का संकल्प: सम्मानित हुईं विभूतियां




**संवाददाता–बस्ती।** देव फाउंडेशन बस्ती के 6वे वार्षिक समारोह में प्रेस क्लब बस्ती में मुख्य अतिथि महंत राजू दास महाराज मुख्य अतिथि एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ला की उपस्थित में फाउंडेशन के कर्मशील सदस्यों समाज सेवा से जुड़े सम्मानित नागरिकगण. समाजसेवी सदस्यों को सम्मानित किया एवं देव फाउंडेशन संस्था के समाज मे किये गये कार्यो की सराहना किया।

इस अवसर पर अयोध्या धाम हनुमानगढ़ी के महंत पुजारी राजू दास ने कहा कि देश सुरक्षित तभी है जब आम जनमानस अपने संस्कारों को पुनर्जीवित कर सनातन की रक्षा एवं देश के रक्षा का संकल्प सभी को लेना होगा।

उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महेश शुक्ल ने कहा कि समाज को प्रत्येक घर मे गौ सेवा के संकल्प लेने के महत्व को जरूरी कदम समझना चाहिए उन्होंने अपने स्मरणों को साझा करते हुए कहा की गोपालन न केवल एक व्यवसाय है बल्कि हमारे स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ एक महत्वपूर्ण उपाय है जिससे तमाम बीमारियों की रक्षा होती है उन्होंने उत्तर प्रदेश में गौ सेवा के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति आभार जताया है। सम्मान समारोह में आये अतिथि बस्ती नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, भूपेंद्र चौधरी, कौशल पांडेय एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संस्था द्वारा ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य शिक्षा के कार्य के साथ बच्चों के बचपन की रक्षा, नारी शक्ति के आत्म निर्भरता के चलाए जाने वाले कार्यक्रम के साथ पर्यावरण की सुरक्षा एवं ग्रामीणों के बीच कलात्मक कार्यो और संस्कृति की रक्षा करने के संकल्प की प्रशंसा की।

संस्था के उपस्थित सदस्य गोरखपुर के कॉर्डिनेटर रेखा पाण्डेय, बस्ती की सदस्य लक्ष्मी अरोड़ा, शैल त्रिपाठी, त्रयंम्बक दुबे, कमल त्रिपाठी, सिद्धार्थ नगर की बीजेपी महिला मोर्चा अध्यक्ष अरुणा मिश्र, बस्ती की अध्यक्ष रोली सिंह, महिला मोर्चा की मंत्री शालिनी मिश्रा एवं अम्बेडकर नगर. लखनऊ एवं अन्य जिले से उपस्थित अन्य सदस्य आदि सभी गणमान्य जनों ने देव फाउंडेशन के कार्यो में सहयोग और साथ रहकर निरंतर कार्य करने की संकल्प लिया।

# सीओ जियाउलहक हत्याकांड में 10 दोषी करार



**लखनऊ (आभा)।** 2013 में की गई सीओ जिआउल हक हत्याकांड में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने हत्याकांड में आरोपित 10 लोगों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने सीओ की हत्या में फूलचंद यादव, पवन यादव, मंजीत यादव, घनश्याम सरोज, राम लखन गौतम, छोटेलाल यादव, राम आसरे, मुन्ना पटेल, शिवराम पासी और जगत बहादुर पाल को दोषी करार दिया। कोर्ट ने सजा पर फैसला सुरक्षित रख लिया है।

हालांकि इस केस में कुंडा विधायक रघुराज प्रताप सिंह और उनके करीबी रहे गुलशन यादव भी आरोपी थे लेकिन दोनों को सीबीआई जांच में पहले ही क्लीन चिट मिल चुकी है।डीएसपी के पद पर तैनात जियाउल हक की दो मार्च 2013 को कुंडा में हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह बालीपुर गांव के प्रधान नन्हेयादव की हत्या की सूचना पर उनके घर गए थे।

# पचासा गांव में लगाए गए ट्रेपिंग क्रेज में फंसा तेंदुआ



**संवाददाता–बहराइच।** कतर्निया घाट वन्य जीव प्रभाग के ककरहा वन रेंज में जंगल के समीप बसे धर्मपुर बेझा के मजरा पचासा में कई दिनों से मवेशियों का शिकार करने वाला तेंदुआ गुरुवार की रात पिंजरे में कैद हो गया। इसकी भनक लगते ही गश्त कर रही वन महकमे की टीमों ने पहुंच कर डीएफओ को इसकी जानकारी से अवगत कराया है। मुर्तिहा कोतवाली क्षेत्र धर्मपुर बेझा के मजरे पचासा गांव के आसपास तेंदुआ लगातार आबादी में घुसकर मवेशियों का शिकार कर रहा था। जिसके मद्देनजर वन महकमे की ओर से तेंदुए की मूवमेंट ट्रेस कर ट्रेपिंग क्रेज लगाया गया था। गुरुवार रात लगभग 12रू00 बजे वन विभाग की ओर से लगाए गए पिंजरे में बंधी बकरी के शिकार के प्रयास में तेंदुआ कैद हो गया ।

रविवार रात धर्मपुर बेझा के मैकूपुरवा में पिंजरे में तेंदुआ कैद हुआ था। जबकि बुधवार रात सुजौली के अयोध्यापुरवा में दूसरा तेंदुआ कैद हुआ। छह दिनों के भीतर तीन आक्रामक हुए तेंदुओं के भी पिंजरे में कैद होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

# 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में गरजे रोजगार सेवक: मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन



**संवाददाता–बस्ती ।** शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रान्तीय आवाहन पर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव के नेतृत्व में बड़ी संख्या में रोजगार सेवक शिव हर्ष किसान पी. जी. कालेज के परिसर में एकत्र हुये और मांगों के समर्थन में नारा लगाते हुये कम्पनीबाग, तहसील होते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। यहां अतिरिक्त अधिकारी प्रथम, उप जिलाधिकारी रश्मि यादव के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा गया। वादा निभाओं कार्यक्रम के दौरान रोजगार सेवकों ने मानदेय 10 हजार रूपये करने, एच.आर. पालिसी बनाये जाने, ई.पी.एफ. का लाभ देने और नियमित किये जाने की मांग किया।

ज्ञापन सौंपने के बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष रामअधार पाल और जिला मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवक अल्प मानदेय के कर्मचारी है। विकास कार्यो में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। इसे देखते हुये इनकी जायज मांगों को पूरा किया जाय। परिषद का रोजगार सेवकों को पूरा समर्थन है।

उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष श्याम करन यादव, प्रान्तीय उपाध्यक्ष अमित किशोर यादव, मण्डल अध्यक्ष इन्द्रजीत वर्मा, रमेश चन्द्र चौधरी आदि ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2021 के मनरेगा कर्मियों के सम्मेलन में घोषणा किया था कि रोजगार सेवकों का मानदेय 10 हजार रूपये करके एच.आर. पालिसी बनाकर ई.पी.एफ. का लाभ दिलाया जायेगा किन्तु वे अपने वायदे को भूल गये। इसे लेकर रोजगार सेवकों में आक्रोश है। मांग किया कि सरकार वादा निभाये। संचालन करते हुये ज्ञान प्रकाश त्रिपाठी, जिला मंत्री राजेश कुमार यादव, प्रवक्ता प्रवीन कुमार ने कहा कि यदि मांगे पूरी न हुई तो प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर लखनऊ में विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा। ज्ञापन देने वालों में कम्प्यूटर आपरेटर संघ अध्यक्ष अरविन्द कुमार, वृजेश दूबे, फरहत जहां, शहनशाह आलम, कमाल अहमद, इरसाद अहमद, नफीस, सुरेश चन्द्र चौधरी, ॠतुराज चौधरी, सत्यप्रकाश, अखिलेश चौधरी, अवनीश शुक्ला, राजकुमार पाण्डेय, सन्तराम, मनोज कुमार उपाध्याय, कैशो यादव, शशिबिन्दु उपाध्याय, राम मनोहर, चन्द्रशेखर चौधरी राजेन्द्र प्रसाद चौधरी, राजेश कुमार यादव, छाया देवी आरती देवी, मंजू चौधरी, गीता त्रिपाठी, रीना चौधरी, सरिता शुक्ला, दीपा, ज्योति गिरि, कुसुमलता, रन्जू चौहान, सुनीता देवी राम चन्द्र , मनोज मिश्रा, प्रवीन कुमार, सूबेदार दूबे, विक्रमजोत, ब्रजेश सिंह, राम सिंह पटेल, श्रवण, शत्रुहन्ता यादव, हरिशंकर यादव , राजेन्द्र कुमार चौधरी , सुनील भारती के साथ ही संघ के ब्लाक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी शामिल रहे।

# जनपद स्तरीय 68 वीं बालिका खो–खो प्रतियोगिता सम्पन्न



**संवाददाता–बस्ती।** 68 वीं जनपद स्तरीय बालिका खो – खो प्रतियोगिता का आयोजन झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि महादेवा विधायक दूधराम और जिला पंचायत सदस्य राजेश पटेल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। आयोजक मंडल द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर बालिका वर्ग में बेसिक शिक्षा की टीम विजेता तथा झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी की टीम उपविजेता रही। जूनियर बालिका वर्ग में नरेंद्र प्रसाद मिश्र शान्ति देवी बढ़नी की टीम विजेता तथा झिनकू लाल त्रिवेणी राम बालिका इंटर कॉलेज कलवारी की टीम उपविजेता रही। सीनियर बालिका वर्ग में नेशनल इंटर कॉलेज हरैया विजेता तथा राजकीय हाईस्कूल सिकटा की टीम उपविजेता रही। टीमों को पुरस्कृत करते हुए अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के खेलों के आयोजन से अनुशासन में रहने की सीख मिलती है। वहीं एक दूसरे को मदद के लिए तत्पर रहने की भावना भी पैदा होती है। चयनकर्ता टीम में प्रभाकर रंजन ओझा, विवेक कुमार श्रीवास्तव, अरुण कुमार निर्णायक मंडल में ओमकार, विपिन वर्मा, मो. शाबान तथा स्कोरर हरीश सिंह, आदित्य सिंह, अरुण कुमार और सुनील रहे। प्रतियोगिता का संचालन अजय कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आज्ञाराम वर्मा, सर्वेद्र नारायण द्विवेदी, राजेश सिंह, अमित यादव, माता प्रसाद त्रिपाठी, विवेक श्रीवास्तव, अरुण कुमार, अमरनाथ मौर्या, रमेश गुप्ता, सुभाष यादव, नवनीत पाण्डेय, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 184 मरीजों का उपचार




**संवाददाता–बस्ती।** पटेल एस. एम.एच. हास्पिटल गोटवा द्वारा शुक्रवार को प्रबंधक डा. वी.के. वर्मा के संयोजन में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 184 मरीजों का उपचार करने के साथ ही निःशुल्क जांच और दवायें उपलब्ध करायी गई। डा. वर्मा ने कहा कि ऐसे चिकित्सा शिविर उन गरीब परिवारों के लिये विशेष उपयोगी हैं जो आर्थिक संकट के कारण अस्पताल नहीं आना चाहते और बीमारियां ढोते रहते हैं। बताया कि पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल गोटवा द्वारा ऐसे शिविर जनहित में आयोजित किये जाते हैं।

शिविर में डा. आर.एन. चौधरी, डा. आलोक रंजन, डा. चन्दा सिंह, डा. इरफाना बानो, डा. अतुल श्रीवास्तव, डा. मनोज मिश्र, डा. लालजी यादव, डा. रीतेश चौधरी आदि ने योगदान दिया।

# अमेठी में शिक्षक सहित पूरे परिवार की हत्या से रोषः शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापनः कार्रवाई की मांग

**संवाददाता–बस्ती।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने मांग किया कि अमेठी में शिक्षक सहित पूरे परिवार की हत्या करने वाले आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा तथा अमरोहा में उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना से परेशान शिक्षक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के मामले में आरोपी बीएसए को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए।



जिलाध्यक्ष ने बताया कि जनपद अमेठी के परिषदीय विद्यालय में कार्यरत शिक्षक सुनील कुमार उसकी पत्नी व दो बेटियों की गुरुवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में यदि कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो शिक्षक संघ बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। जिलामंत्री बालकृष्ण ओझा ने बताया कि बीते मंगलवार को सुबह जनपद अमरोहा में एक शिक्षक ने उच्च अधिकारियों की प्रताड़ना से विद्यालय में ही फांसी लगा लिया और अपने सुसाइड नोट में बीएसए व अन्य को जिम्मेदार बताया लेकिन अभी तक उस पर कोई कड़ी कार्यवाही नहीं हो सकी है। उक्त दोनों घटनाओं से पूरे प्रदेश का शिक्षक समाज आक्रोशित व भयभीत है। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव और जिला उपाध्यक्ष रवीश मिश्र ने मुख्यमंत्री और अन्य आला अधिकारियों तक शिक्षकों की बात पहुंचाने की मांग किया जिससे मृतक शिक्षक के परिजनों को न्याय मिल सके।

ज्ञापन सौंपने में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुधीर तिवारी, प्रवीण श्रीवास्तव, जिला संगठन मंत्री अविनाश दुबे,संजय यादव,अनिल पाठक,शिवप्रकाश सिंह,विजय यादव,धर्मराज यादव,शिक्षामित्र जिलाध्यक्ष वीरेंद्र शुक्ल,अनुदेशक संघ जिलाध्यक्ष अमित सिंह,पवन यादव,संतोष पाण्डेय,पवन यादव ,संजय चौधरी, आशीष दुबे,गिरजेश चौधरी ,अशोक यादव ,सुरेंदर यादव,उमेश चंद्र राव,राजेश कुमार,हरेंद्र यादव शामिल रहे।

# सीएम योगी ने सबसे कम उम्र के फिडे रेटेड खिलाड़ी के साथ खेला शतरंज



**संवाददाता–गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को फीडे रेटेड खिलाड़ी और गोरखपुर के रहने वाले कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने लिटिल चौंप से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह–मात पर खूब बात की। खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगाव जग जाहिर है। जब बात खेल की नन्ही प्रतिभाओं की हो तो फिर कहना ही क्या। दरअसल गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री में देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी और गोरखपुर के रहने वाले कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने इस लिटिल चौंप से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह–मात पर खूब बात की। कुशाग्र अग्रवाल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ 5 साल 11 माह के हैं और यूकेजी में पढ़ते हैं। लेकिन उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है। 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे–रेटेड खिलाड़ी हैं। उन्होंने 4 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली।

शतरंज का शुरुआती प्रशिक्षण उन्हें अपनी बहन अविका से मिला जो खुद भी शतरंज की बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं। गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल कुशाग्र को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया बल्कि उनके साथ शतरंज खेलकर खूब उत्साह भी बढ़ाया। उन्होंने कुशाग्र से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए यूपी सरकार हर तरह की मदद करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि शतरंज का नन्हा अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आने वाले समय में गोरखपुर और प्रदेश का नाम देश–दुनिया में रोशन करेगा।

# लेखपाल की शिकायत मंहगी पड़ीः सुशील कुमार को जान से मारने की धमकी

**संवाददाता–बस्ती।** कोतवाली थाना क्षेत्र के जयपुरवा निवासी सुशील कुमार को लेखपाल सतीश श्रीवास्तव की शिकायत मंहगी पड़ रही है। उनके गुर्गे सुशील कुमार को जान से मार देने की धमकियां दे रहे हैं। शुक्रवार को सी.सी.टी.वी. फुटेज के साथ सुशील कुमार ने एसपी से मिलकर अपने और अपने परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाते हुये दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और मुकदमा पंजीकृत कराये जाने की मांग किया। सुशील कुमार ने एसपी को बताया कि 2 अक्टूबर को घटित घटना की लिखित शिकायत शहर कोतवाली पुलिस को दिया गया था किन्तु अभी तक मामले में कोई कार्रवाई न होने से वे और उनका परिवार किसी अनहोनी को लेकर डरा हुआ है।




एसपी को दिये पत्र में सुशील कुमार ने कहा है कि वह ग्राम शंकरपुर थाना धनघटा जनपद संत कबीर नगर हाल मुकाम जयपुरवा कटेश्वर पार्क थाना कोतवाली जिला बस्ती का स्थाई निवासी है और जयपुरवा में मेडिकल स्टोर चलता है। उसने शिवम श्रीवास्तव व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव के विरुद्ध शिकायती प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को दिया था जिससे नाराज होकर गत 2 अक्टूबर को लगभग 5 बजे शिवम श्रीवास्तव सफेद आर्टिका कार से उनकी दुकान के बाहर आए, शिवम गाड़ी में ही बैठा रहा और चार अज्ञात व्यक्ति को अंदर भेज दिया। इसके बाद उनके कर्मचारी लालचंद ने जब उन लोगों से पूछताछ करने लगा कि क्या काम है बताइए तो उक्त लोगों ने लालचंद को भद्दी भद्दी गाली दिया। कहा कि सुशील कुमार कहां है उसको बुलाओ आज यही सारी जांच पड़ताल उसकी शिकायत का कर देंगे जो उसने शिवम् और लेखपाल सतीश के विरुद्ध दिया है । लालचंद के विरोध करने पर उक्त लोग धमकी देते हुए चले गए कि अगर सुशील ने शिवम श्रीवास्तव और व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव के विरुद्ध दिए शिकायत को वापस नहीं लिया तो ना तो उसका मेडिकल ही रहेगा और ना सुशील जिंदा रहेगा । घटना के समय वह मेडिकल स्टोर पर नहीं था । घटना की सूचना उसी दिन रात्रि के 9 बजे कोतवाली बस्ती में दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। सुशील कुमार ने कहा है कि यदि उसके या उसके परिवार के साथ कोई अनहोनी घटना होती है तो इसके लिये शिवम श्रीवास्तव व लेखपाल सतीश श्रीवास्तव और उसके सहयोगियों को भी जिम्मेदार माना जाय। उसने स्वयं और परिवार के जान माल के रक्षा की गुहार लगाया है।

# मुजेहना ब्लाक का डीएम ने किया निरीक्षण

**संवाददाता–गोण्डा।** मुजेहना ब्लॉक का डीएम नेहा शर्मा व सीडीओ अंकिता ने शुक्रवार को निरीक्षण कर जायजा लिया। करीब डेढ़ घंटे तक समीक्षा कर मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम ने विकास खंड स्तर पर संचालित सभी योजनाओं के बारे में मातहत अधिकारियों से जानकारी ली। इस दौरान सीडीओ ने ब्लॉक कैम्पस में संचालित सभी विभागों के कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थापना कक्ष, मनरेगा कक्ष, कंप्यूटर कक्ष सहित सभी पटलों का निरीक्षण किया और अभिलेखों के समुचित रखरखाव का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि कैम्पस में जो भी कार्यालय निष्प्रयोज्य हो गए हैं, उनकी कार्यवाही करते हुए निस्तारित किया जाय। साथ ही बीडीओ को निर्देश दिए हैं कि ग्राम पंचायत सचिवों के लिए एक दैनिक डायरी तैयार की जाय जिसमें उनके द्वारा प्रतिदिन किये गये कार्यों को अंकित किया जाय।

निरीक्षण के दौरान बोरिंग टेक्नीशियन से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी की गई, तो उनके द्वारा बताया गया कि इस विकासखंड में किसानों को अनुदान दिया जा चुका है। इस दौरान डीडीओ सुशील कुमार श्रीवास्तव, बीडीओ मुजेहना राजेंद्र प्रसाद ,एडीओ पंचायत सतीश तिवारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जबरन रुकवा दिया डीजे, पुलिस ने संभाली स्थिति

**संवाददाता–श्रावस्ती।** थाना हरदत्त नगर गिरंट की ग्राम पंचायत रानीसीर चिरैया से गोसाईं बाबा मंदिर पर10साल से गांव की महिलाएं कलश भर कर पूजा पाठ करती हैं। शुक्रवार को कलश भरने के लिए जा रही महिलाओं के साथ बज रहे डीजे को समुदाय विशेष के लोगों ने बंद करा दिया। पुलिस ने समझा बुझा कर मामला शांत कराया।

रानीसीर चिरैया गांव की महिलाओं के साथ बेगमपुर की भी महिलाएं कलश भरने के लिए जाती हैं और गांव के नजदीक इसी जमुनहा बहराइच मार्ग पर बेगमपुर गांव समीप कालीथान गांवट माता मंदिर पर कलश स्थापित करती हैं। शुक्रवार को भी रानीसीर चिरैया गांव की महिलाएं कलश भरने के लिए गाजे–बाजे के साथ निकली थीं।

जिस पर बेगमपुर की महिलाओं ने बेगमपुर में डीजे के साथ जाने की बात करने लगी। जैसे ही डीजे बेगमपुर गांव के तरफ आने लगा वैसे ही दूसरे समुदाय के लोगों ने डीजे रुकवा दिया। दोनों पक्षों में कहासुनी बढ़ गई। जानकारी हरदत्त नगर गिरंट थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय को हुई तो उन्होंने इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी। जिस पर मल्हीपुर तथा हरदत्त नगर गिरंट की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गयी।

थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने डीजे को लाकर गिरंट थाने पर खड़ा करा दिया और दोनों पक्षों को भी बैठ दिया। डीजे इस शर्त पर छोड़ा गया कि कलश भरवाकर रानीसीर चिरैया गोसाईं बाबा मंदिर तक जाकर पुनः डीजे को लाकर थाने पर खड़ा कर दें। फिर हाल पुलिस ने रानीसीर चिरैया गोसाईं बाबा मंदिर पर मां की मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना शुरू करने के लिए छूट दी।

जबकि बेगमपुर तक कालीथान गावट माता तक भी गाजे–बाजे के महिलाएं जल भरकर गावट स्थान पर रख दिया। पुलिस सुरक्षा की दृष्टि बेगमपुर कालीथान गावट स्थान पर पुलिस फोर्स तैनात है। रानीसीर चिरैया व बेगमपुर से दोनों समुदाय के लोगों को पुलिस पाबंद करने के लिए कार्रवाई कर रही है।

# युवाओं एवं महिलाओं को भाजपा की सदस्यता दिलाने पर जोर

**संवाददाता–बलरामपुर।** सदस्यता अभियान 2024 के अन्तर्गत शुक्रवार को तुलसीपार्क स्थित अटल भवन कार्यालय पर जिला समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को अधिक से अधिक ऑनलाइन सदस्यता पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि जिले में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्य के सापेक्ष सदस्यों की संख्या में काफी अच्छी है। सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें, जिससे पार्टी से मिला लक्ष्य समय से पूरा हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने कहा कि जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केन्द्र संयोजक, शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष व सभी जनप्रतिनिधि लक्ष्य को हासिल करने के लिए जी जान से लग जाएं। भाजपा की नीतियों को देखते हुए लोग भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। प्रत्येक बूथ पर 100 नए सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य कार्यकर्ताओं को दिया गया है।

सदस्यता अभियान में युवा वर्ग एवं महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता कार्यकर्ता दिलाएं। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह गुड्डू, राकेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेन्द्र तिवारी, जिला महामंत्री वरुण सिंह मोनू, विष्णुदेव गुप्ता, रवि मिश्रा, बिन्दू विश्वकर्मा, राम करन मिश्रा, डॉ प्रांजल त्रिपाठी, अजय सिंह पिंकू, शिव प्रसाद यादव, अवधेश तिवारी तरुण, ललिता तिवारी, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पाण्डेय, शशांक सिंह, दुष्यंत चौधरी, अपूर्व प्रताप सिंह, अंशुमान शुक्ला व अंशुमाली सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बिना आयुष्मान कार्ड जरूरतमंदों के इलाज करवाएगी सरकार, जनता दरबार में सीएम योगी ने दिया आश्वासन



**संवाददाता–गोरखपुर।** जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 300 लोगों की समस्याएं सुनीं। सीएम योगी ने हर जरूरतमंद का आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन जरूरतमंद के आयुष्मान कार्ड नहीं है उन्हें हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इस्टीमेट मंगवाए हैं। उनके इलाज का खर्च सरकार देगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया कि जिन जरूरतमंद लोगों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं है, उनके इलाज का खर्च सरकार उठाएगी। इसके लिए अस्पताल से इलाज खर्च का इस्टीमेट बनाकर उनके कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से भरपूर मदद की जाएगी। शारदीय नवरात्र के पहले दिन, गुरुवार दोपहर बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात की। एक–एक करके उनकी समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए आश्वस्त करते हुए उनके प्रार्थना पत्र संबंधित अधिकारियों को हस्तगत किए। सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। सभी लोगों की समस्याओं का समाधान कराया जाएगा। हर बार की भांति शुक्रवार सुबह के जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता संबंधी प्रार्थना पत्र लेकर आए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको मदद का भरोसा दिया। इस दौरान एक महिला की समस्या जानते ही उन्होंने अफसरों से कहा कि उक्त महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराकर इलाज का इस्टीमेट मंगाइए। पैसा सरकार देगी। सीएम ने लोगों से आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें ताकि इलाज के लिए किसी को परेशान न होना पड़े।

जनता दर्शन में सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण निष्पक्ष रूप से उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए।

शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करने के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परिजनों के साथ मंदिर आए बच्चों को प्यार, दुलार और आशीर्वाद दिया। बच्चों को अपने पास बुलाकर उनसे बातचीत की। उनसे नाम पूछने के साथ पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और खूब पढ़ने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को सीएम ने चॉकलेट गिफ्ट कर विदा किया।

गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान पारंपरिक दिनचर्या में शुक्रवार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे। यहां उन्होंने गोसेवा में कुछ व्यतीत किया। सीएम योगी ने गोवंश को अपने हाथोंसेगुड़खिलाया।

# सपा का मतलब गुंडागर्दी, बर्बादी, भाजपा का मतलब विकास –केशव प्रसाद मौर्य



**संवाददाता–अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित राय पट्टी स्थित गहनाग आश्रम मैदान में आयोजित पिछड़ी जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया।

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित राय पट्टी स्थित गहनाग आश्रम मैदान में आयोजित पिछड़ी जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जाति सम्मेलन को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि यह गहनाग बाबा की धरती है जहां दर्शन मात्र से ही सांप का काटा व्यक्ति ठीक हो जाता है। 2014 में कमल खिलाया था लेकिन तब हम वह विकास नहीं कर पाए। क्योंकि उस समय समाजवादी सरकार रूपी बैरियर लगा हुआ था। आज मोदी जी की ही देन है कि गरीब भी गैस पर खाना बना रहा है। हर घर मे बिजली पहुंच चुकी है। हर घर रोशन हो चुका है। आज सरकार से किसानों को दो–दो हजार की किश्त मिल रही है। अभी तक पांच करोड़ आवास बन चुके हैं। जिन गरीबों को साजिश के तहत घर नहीं मिला, उसे चिन्हित कर दिया जाएगा। गरीब महंगे उपचार से वंचित न रहे, इसलिए पांच लाख तक मुफ्त इलाज के लिए आयुष्मान योजना संचालित की गई है।

सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा का मतलब गुंडागर्दी, बर्बादी भ्रष्टाचार भाजपा का मतलब विकास है। अखिलेश यादव दुष्कर्म करने वालों को बचाना चाहते है। दुष्कर्म के आरोपी का डीएनए टेस्ट की बात करते है। मैं अखिलेश यादव से कहना चाहता हूं कि आप चाहकर भी किसी अपराधी को बचा नहीं सकते। संबोधन के पश्चात उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व डमी चेक देकर सम्मानित किया।

# परीक्षा देकर लौट रही किशोरियों से छेड़खानी, घटना का वीडियो वायरल

**संवाददाता–देवरिया।** जिले के तरकुलवा क्षेत्र में शुक्रवार को परीक्षा देकर घर लौट रहीं कक्षा 8 की दो छात्राओं के साथ बाइक सवारों ने छेड़खानी की। छात्राओं ने जब शोर मचाया तो गांव के लोग दौड़ पड़े। इसके बाद बाइक सवार मौके से भाग निकले। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के पुलिस हरकत में आई। पुलिस बाइक सवारों की तलाश में जुटी है।





तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक प्राइवेट स्कूल में एक गांव की दो छात्राएं कक्षा 8 में पढ़ती हैं। शुक्रवार को दोनों अर्धवार्षिक की परीक्षा देकर अपने घर लौट रही थी। नहर पर सुनसान रास्ते पर उन्हें अकेला पाकर एक बाइक सवार चार लड़कों ने छेड़खानी शुरू कर दी। लड़कियां भागीं तो बाइक सवारों ने गाड़ी रोक कर छात्राओं को दौड़ा लिया। लेकिन तब तक वह चिल्लाने लगी। उनकी चीख सुनकर गांव के लोग दौड़े तो बाइक सवार युवक फरार हो गए। इस पूरी घटना का वीडियो अब वायरल हो रहा है। हालांकि हिंदुस्तान इसकी सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। वायरल वीडियो की मदद से बदमाशों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में थाना प्रभारी मृत्युंजय राय ने कहा कि मामला जानकारी में है। छानबीन की जा रही है। कुछ माह पहले एक इंटर कॉलेज से पढ़कर लौट रही छात्राओं से छेड़खानी का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने इसमें कड़ा रूख अख्तियार करते हुए दो लड़कों का शांति भंग में चालान किया था। तब से मामला शान्त चल रहा था। अब एक बार फिर मनबढ़ों ने छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया है।

# अपहृत मासूम का नहीं मिला सुराग, पुलिस की सात टीमें लगीं

**संवाददाता–सिद्धार्थनगर।** लोटन कोतवाली क्षेत्र के खखरा खुर्द गांव से एक छह साल की बच्ची का अपहरण गुरुवार दिन में ढाई बजे हो गया था। अपहरणकर्ता उसे गोद में लेकर भाग गया था। अभी तक उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। पुलिस की सात टीमें उसकी तलाश में लगाई गई हैं। अनुष्का (6) पुत्री दिलीप यादव गांव के ही प्राइमरी स्कूल में कक्षा एक की छात्रा है। वह गुरुवार दोपहर ढाई बजे के आसपास स्कूल से पढ़ कर घर आई थी। उसने घर के अंदर बस्ता रखा और घर के बाहर नल पर मुंह धोने चली गई थी। कुछ देर बाद बच्ची की मम्मी मुझे बचा लो की दो बार आवाज सुन कर मां रीता बाहर आई तो देखा कि एक व्यक्ति जो पैंट व काली कलर की शर्ट पहने था बच्ची को गोद में लेकर भाग रहा है। उसने शोर मचाया लेकिन इस दौरान बेटी को ले जाने वाला कहां चला गया वह देख नहीं सकी। शोर सुन कर आसपास के लोग पहुंच गए और तलाश किया लेकिन कुछ पता नहीं चल सका था। पुलिस व एसओजी भी मौके पर पहुंच गई थी। पूरी रात बच्ची की तलाश की गई। शुक्रवार को भी दिन भर सर्च आपरेशन चलता रहा लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका था। चौबीस घंटे से अधिक का वक्त गुजरने और बच्ची का पता न चलने से परिवार के लोगों का दिन का चौन और रात की नींद गायब हो चुकी है। वह सब उसकी सलामती की दुआएं कर रहे हैं। बच्ची के पिता दिलीप यादव ने कहा कि अब तक पता नहीं चल सका है। हम सब बहुत परेशान हैं। मासूम की तलाश में एसपी प्राची सिंह ने सात टीमें लगाई हैं जो हर संभावित स्थानों पर उसे तलाश कर रही है। नेपाल सीमा से लेकर जिले से सटी अन्य जनपदों की सीमा पर भी निगरानी बढ़ा दी गई है। रेलवे, रोडवेज आदि स्थानों पर भी पुलिस नजर बनाए हुए है। गुरुवार को अपहृत छह साल की मासूम अनुष्का की फोटो पुलिस प्रशासन ने पड़ोसी जिलों में भी भेज दी है, जिससे अगर वहां कहीं हो तो उसका सुराग लगाकर बरामद किया जा सके। पुलिस अपने स्तर से प्रयास कर रही है फिलहाल सफलता हाथ नहीं लगी है। मासूम के अपहरण के बाद से ही पुलिस सक्रिय है। सात टीमों का गठन कर सकुशल बरामदगी के निर्देश दिए गए हैं। आसपास के जिलों से भी सहयोग लिया जा रहा है। मैं लगातार अपडेट ले रही हूं।

# वैवाहिक बलात्कार को नहीं बना सकते अपराध

**नई दिल्ली (आभा)।** वैवाहिक बलात्कार के मामले में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में एक हलफनामा दायर किया है। इसमें सरकार ने कहा है कि वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है, क्योंकि इसके लिए अन्य 'दंडात्मक उपाय' पहले से ही मौजूद हैं। केंद्र ने अपने हलफनामे में ये भी कहा कि वैवाहिक बलात्कार को अपराध घोषित करना सुप्रीम कोर्ट के अधिकार क्षेत्र में नहीं है। केंद्र ने कहा है कि यह मामला कानूनी से ज्यादा सामाजिक है। इसका समाज पर सीधा प्रभाव पड़ेगा।





केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष तर्क दिया कि विवाह के भीतर बलात्कार के कठोर दंड प्रावधानों को लागू करने से विवाह नाम की संस्थाओं पर गंभीर सामाजिक–कानूनी प्रभाव पड़ सकते हैं। हालांकि, सरकार ने स्वीकार किया कि किसी भी पति के पास अपनी पत्नी की सहमति का उल्लंघन करने का कोई "मौलिक अधिकार" नहीं है। इसके साथ ही सरकार ने ये भी कहा कि अगर अजनबियों से जुड़े बलात्कार के दंड प्रावधान और कानून को पति के खिलाफ लागू किया जाता है तो इन कानूनों का इस्तेमाल वैवाहिक और सामाजिक ढांचे को बर्बाद कर सकता है। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 375 के अपवाद 2 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के जवाब में सरकार की तरफ से ये हलफनामा सौंपा गया है। आईपीसी की धारा 375 का अपवाद 2 पतियों को बलात्कार के उन मामले में मुकदमा चलाने से छूट देता है, जिसमें पीड़िता उनकी पत्नी हैं।

# बापू–शास्त्री जयन्ती पर जरूरतमंदों में किया वस्त्र, खाद्य सामग्री, दवाओं का वितरण




**संवाददाता–बस्ती।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयन्ती अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव कुलवेन्द्र सिंह के सयोजन में हथियागढ स्थित कुष्ठ आश्रम में अनेक आयोजन किये गये। जिलाधिकारी रवीश कुमार के दिशा निर्देश के अनुरूप बापू– शास्त्री के योगदान पर चर्चा के साथ ही कुष्ठ रोगियों और जरूरतमंदों में वस्त्र, खाद्य सामग्री, आवश्यक वस्तुओं और दवाईयों का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये रेडक्रास सोसायटी के जिला सचिव कुलवेन्द्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पहल का परिणाम रहा कि कुष्ठ रोग पर लगभग नियंत्रण पा लिया गया है। इसके बावजूद रेडक्रास और सहयोगी संस्थाओं के साथ ही रोटरी क्लब मिड टाउन, इनरव्हील और मारवाडी महिला समिति आदि द्वारा जरूरत मंदों का सहयोग किया जाता है। डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि जन सहयोग से अनेक समस्याओं का हल ढूढा जा सकता है। रेडक्रास की भूमिका सदैव अग्रणी रही है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से रेडक्रास के डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव, एल.के. पाण्डेय, अब्दुल हलीम, अरूण भानीरामका, किशन गोयल, अभिषेक सिंह, शालिनी भानीरामका, डा. राकेश, विष्णु प्रसाद भट्ट, श्याम नरायन चौधरी, रंजीत श्रीवास्तव, प्रमोद चौधरी, राजेश ओझा, अफजल हुसेन, रोटरी क्लब बस्ती मिड टाउन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, देवेन्द्र श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, इनरव्हील अध्यक्ष श्रीमती कला अग्रवाल, मारवाडी महिला समिति अध्यक्ष नीतू गाडिया, कृष्णा गोयल, कुष्ठ आश्रम के प्रभारी रामदास यादव, कार्यक्रम संयोजक कौशल कुमार त्रिपाठी आदि ने योगदान दिया।

# दशरथ कुंड वार्ड में गांधी और शास्त्री जी की जयंती पर आयोजित किया गया जवाबी बिरहा



**संवाददाता–अयोध्या।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं देश के द्वितीय प्रधानमंत्री जय जवान जय किसान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर दशरथ कुंड स्थित हलकारा पूरवा में पार्षद प्रतिनिधि शिवकुमार यादव उर्फ लुल्लुर के द्वारा एक विशाल जवाबी बिरहा का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अयोध्या को सांसद अवधेश प्रसाद, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन और पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री चित्रपर माल्यार्पण कर किया।जिसमें दशरथ कुंड वार्ड की जनता ने बढ़–चढ़कर भाग लिया और सभी ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को नमन किया यह कार्यक्रम प्रत्येक वर्ष 2 अक्टूबर को किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य राम बख्श यादव ने किया। बाराबंकी से आए चंद्र प्रकाश और मसकनवां से आए मनोज के द्वारा जवाबी बिरहा सुन ग्राम वासी मंत्र मुग्ध हो गए। पार्षद प्रतिनिधि शिवकुमार यादव उर्फ लुल्लुर मैं बताया कि गांधी जयंती पर प्रति जवाबी बिरहा का आयोजन होता है और आने वाले वर्षों में और विस्तार दिया जाएगा। इस अवसर पर मोहम्मद इरफान उर्फ नन्हे मियां ने कहा कि 2 अक्टूबर गांधी जी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जयंती के अवसर पर कई वर्षों से किया जा रहा है इस वर्ष जवाबी बिरहा का आयोजन किया गया है।बिरहा गायकों का स्वागत मुख्य अतिथि मोहम्मद इरफान उर्फ नन्हे मियां ने अंग वस्त्र भेंट कर व माला पहनाकर किया। अतिथियों का स्वागत पार्षद प्रतिनिधि लुल्लुर यादव अंग वस्त्र भेंट कर किया।कार्यक्रम में अशोक यादव पत्रकार, लाल बहादुर खलीफा मानसिंह यादव, अशोक यादव के अलावा बड़ी संख्या में बिरहा के शौकीन लोग मौजूद रहे। बिरहा का मुकाबला पूरी रात चला जिसमें हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर के बिरहा का आनंद लिए।

# ब्रेनो ब्रेन ट्रेनिंग के विजेता छात्र पुरस्कृत सेकेन्डों में गणना करके दिखायी दक्षता



**संवाददाता–बस्ती।** ब्रेनो ब्रेन किड्ज एकेडमी ट्रेनिंग प्रोगाम के सफल प्रतिभागियों को मालवीय रोड स्थित एक मैरेज हाल में आयोजित कार्यक्रम में पुरस्कृत किया गया। डायरेक्टर अनुराग खेतान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि मस्तिष्क के समग्र विकास, बच्चों में लेफ्ट, राइट ब्रेन के विकास के साथ ही उन्हें सक्रिय बनाये रखने के साथ अन्य कला सिखाई जाती है। इस प्रशिक्षण से हजारों बच्चों का जीवन बदल रहा है और वे सेकन्डों में गणितीय गणना आदि में सक्षम हो जाते हैं। छात्रों ने अपने प्रदर्शन से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

लेबल इण्टर स्कूल कम्पटीशन प्रतियोगिता में सेन्टजोसेफ के 707, डेल्ही स्कूल ऑफ एक्सीलेंस से 370, सेठ एम.आर. जयपुरिया स्कूल से 356, राजन इण्टर नेशनल एकेडमी से 100, एस.आई.एस. से 146, सेन्ट फ्रांसिस से 17 विद्यार्थियों के साथ ही रामबाग विद्या मंदिर, जागरण पब्लिक स्कूल, प्रेक्सिस विद्या पीठ से कुल 1371 छात्रों ने हिस्सा लिया। सेन्टजोसेफ जनपद में प्रथम और देश में पांचवे स्थान पर रहा। डेल्ही एक्सीलेंस ऑफ स्कूल जनपद में द्वितीय और देश में 41 वे और सेठ एम.आर. जयपुरिया जनपद में तीसरे स्थान और पर रहा। प्रथम पुरस्कार के रूप में सेन्ट जोसेफ के आरूष अग्रवाल को 10 हजार का चेक, ट्राफी, सम्मान पत्र, इसी कड़ी में किसलय पाण्डेय, को चार हजार, अद्वित गुप्ता तीन हजार, पार्थ सिंह दो हजार, अनाया मिश्रा 1500, श्रद्धा चौधरी दो हजार, यर्थाथ श्रीवास्तव 1500, अक्षज कुमार दो हजार, डेल्ही स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के संस्कार मिश्र तीन हजार, समृद्धि चौधरी दो हजार, सेठ एम.आर. जयपुरिया के अंकित यादव को 6 हजार, मानस मिश्र 1500, आर.एल.एस.एम. के तेजस मौर्या को 1500 का चेक, सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

कोआर्डिनेटर गरिमा बरनवाल और अनूप सिंह ने ब्रेनो ब्रेन ट्रेनिंग प्रक्रिया की विस्तार से जानकी देते हुये बताया कि किस प्रकार छात्रों का समग्र विकास किया जाता है जिससे वे जीवन के क्षेत्र में दक्ष बने। विश्व के विभिन्न देशों के 1300 केन्द्रों के 5 लाख छात्रों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। डायरेक्टर भावेश और नीलम मिश्र ने ब्रेनो ब्रेन ट्रेनिंग प्रोगाम के अनेक पहलुओं की विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि किस प्रकार से छात्र इससे दक्ष बन रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनेंगी महिलाएं-रवीन्द्र

**संवाददाता–श्रावस्ती।** एसएसबी महिला कार्मिकों व एसएसबी परिवार की महिलाओं को छी दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में महिलाएं मोमबत्ती व अगरबत्ती बनाने की कला सीखेंगी। जिसकी शुरुआत गुरुवार को की गई। एसएसबी वाहिनी मुख्यालय भिनगा में आरसेटी के सहयोग से गुरुवार को छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का कमांडेन्ट रबीन्द्र कुमार राजेश्वरी, द्वितीय कमान अधिकारी अमरेन्द्र कुमार वरुण, एलडीएम सुभाष चन्द्र मित्रा, निदेशक संदीप कुमार, नाबार्ड श्रावस्ती के डीडीएम अनुज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में 40 संदीक्षा महिला व महिला कार्मिकों को छह दिवसीय मोमबत्ती व अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एलडीएम सुभाष चन्द्र मित्रा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में महिलाओं को उच्च गुणवत्ता वाली मोमबत्ती और अगरबत्ती निर्माण की तकनीकी जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही बाजार में उत्पाद की मांग व विपणन से सम्बंधित जानकारी भी दी जाएगी। कमांडेंट ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम से महिलाओं को सशक्त बनाने और उनको आत्मनिर्भर बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। जिससे उनमें ज्ञान, कौशल व कार्य करने की क्षमता में वृद्धि भी होगी। प्रशिक्षण आत्मनिर्भर बनने और आर्थिक स्थिति सुधारने में सहायक होगा। इस दिवाली पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाली महिलाओं की ओर से तैयार की गई मोमबत्तियों से ही वाहिनी जगमगाएगी। उन्होंने मन लगाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपकमांडेन्ट पीयूष सिन्हा, उपकमांडेन्ट डा. रश्मि वाजपेयी, निरीक्षक ओमकार, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, प्रशिक्षण संस्थान से संकाय सदस्य अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# घर बसाने के बजाए उजाड़ने का काम कर रही सरकार -अजय राय



**संवाददाता–बहराइच।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय गुरुवार को फखरपुर के ग्राम सराय जगना में बुलडोजर की कार्रवाई से प्रभावित परिवारों से मिले। कहा कि सरकार बसाने के बजाए लोगों के घर उजाड़ रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की तरह बहराइच में भी ऐसे परिवारों को पहले आवास फिर कार्रवाई अमल में लाना चाहिए। सरकार के इस कदम के विरोध में कांग्रेस है। पीड़ितों के साथ खड़ी हुई है।

कैसरगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सराय जगना के वजीरगंज बाजार में गाटा संख्या 211, 212 और 92 पर खलिहान की जमीन है। इस जमीन पर एक समुदाय के लोगों ने पक्का निर्माण करवा लिया था। गांव निवासी एक महिला ने कोर्ट में वाद दायर कर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। लखनऊ उच्च कोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का निर्देश जिला प्रशासन को दिया था। जिस पर 25 सितंबर को जिला प्रशासन ने 23 परिवार के मकानों को बुलडोजर से गिरवा दिया था। इसका मुआयना करने गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे थे। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार का रवैया तानाशाही पूर्ण है। इसका विरोध कांग्रेस करती रहेगी। उप चुनाव पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमने पांच सीट की मांग की है। पांच सीट मिलने पर गठबन्धन से चुनाव होगा। भाजपा सरकार को हराकर बुलडोजर की सरकार को नदी की ओर मोड़ दिया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह की कार्रवाई कर सरकार गरीबों को नीचे गिरा रही है।

# धूमधाम से निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा

**संवाददाता–देवरिया।** मारवाड़ी समाज ने गुरुवार को धूमधाम से महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई। इस अवसर पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शहर में जगह जगह यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। सड़कें महाराजा अग्रसेन के जयकारों से गूंजती रहीं।

जयंती समारोह का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन अतिथि भवन पेड़ा में संरक्षक संजय केडिया ने पूजन अर्चन व ध्वजारोहण कर किया। दिन में मारवाड़ी युवा मंच ने म्यूजिकल चेयर दौड़ व हौजी गेम प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें बच्चों व बड़ों ने भरपूर आनंद लिया। लगभग चार बजे मारवाड़ी युवा मंच के नेतृत्व में अतिथि भवन से महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। सजे हुए घोड़े जुते सुंदर रथ पर महाराजा अग्रसेन सुंदर झांकी सजी हुई निकली।

आगे आगे बैंड बाजा के साथ लोक वाद्ययंत्र नगाड़ा, सिंघा आदि बजाते हुए कलाकार चलते रहे। इसके पीछे मारवाड़ी समाज के पुरुष, महिलाएं व बच्चे अनुशासित होकर लाइन लगाकर अग्रसेन महाराज की जय जयकार लगाते हुए चल रहे। शोभायात्रा मोहन रोड नई बाजार, अमर ज्योति चौराहा, कोतवाली चौराहा, अंसारी रोड, मालवीय रोड, बजाजी गली होते हुए वापस अग्रसेन अतिथि भवन पहुंचकर पूरी हुई। इस बीच कोतवाली चौराहे पर अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष पुरुषोत्तम मरोदिया, मंत्री आनंद झुनझुनवाल, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष विवेक कमानी आदि ने महाराजा अग्रसेन की आरती उतारी।

# जिलाधिकारी को जालसाज की धमकी, काम न दिलाया तो अंजाम अच्छा नहीं होगा



संवाददाता–श्रावस्ती। लखनऊ निवासी एक जालसाज शासकीय विभागों में उच्च अधिकारियों का नाम लेकर दबाव बनाता है। जो स्वयं व अपनी चहेती कंपनियों को ठेका दिलाने में सिंडिकेट का काम करता है। उसने अपनी एक चहेती फर्म को काम दिलाने के लिए डीएम पर दबाव बनाया। जिसे डीएम ने कर्मचारियों के सहयोग से कार्यालय से बाहर निकलवा दिया गया। जिसने व्हाट्सअप चौट के माध्यम से डीएम को अंजाम अच्छा न होने की धमकी दिया है। मामले में डीएम के स्टेनो की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

डीएम अजय कुमार द्विवेदी के अनुसार लखनऊ के रायबरेली रोड स्थित साउथ सिटी निवासी संदीप त्रिपाठी पुत्र जगदीश त्रिपाठी द्वारा शासकीय विभागों में उच्च अधिकारियों तथा बड़े नेताओं का नाम लेकर दबाव बनाकर स्वयं व अपने से जुड़ी हुई कंपनियों को ठेका दिलाने का कार्य किया जाता है। उसने एक सिंडिकेट के रूप में कई सारी कंपनियों से सम्पर्क कर रखा है। एक कंपनी के ब्लैक लिस्ट होने पर दूसरी कंपनी के माध्यम से कार्य लिया जाता है जिसके विरूद्ध लखनऊ व श्रावस्ती में पहले से ही ठगी व जालसाजी के दो दो मामले दर्ज हैं। जिसके द्वारा व्हाट्सअप चौट के माध्यम से धमकी दी कि टेंडर ट्रिव्यू कंपनी को ही मिलना चाहिए। सोच लीजिए नहीं तो अच्छा नहीं होगा। सीसीटीवी के टेंडर हमको ही मिलना चाहिए। ट्रिव्यू कंपनी नाम याद रखना। नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। उसके द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डाली गई है। साथ ही आन ड्यूटी अधिकारियों को धमकी दी गई है। मामले में डीएम के स्टेनो अनूप कुमार तिवारी की तहरीर पर भिनगा कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

डीएम के अनुसार लखनऊ के साउथ सिटी निवासी संदीप त्रिपाठी पर लखनऊ के मड़ियांव थाने में 85 लाख की ठगी करने के आरोप में भी मामला दर्ज है। साथ ही लखनऊ के ही पीजीआई थाने में स्वयं को आईएएस व आईपीएस अधिकारियों का परिचित बताकर सरकारी नौकरी के नाम पर 30 लाख की ठगी करने के आरोप में भी उसके विरुद्ध मामला दर्ज है। भिनगा के पुरानी बाजार निवासी मोहम्मद शाहिद पुत्र मोहम्मद हामिद को टेंडर दिलाने के नाम पर साढ़े छह लाख रुपये की ठगी की गई। इस पर इकौना थाने में उसके विरुद्ध मामला दर्ज है। साथ ही भिनगा कोतवाली में बेसिक शिक्षा विभाग में डेस्क–बेंच की आपूर्ति मानक के अनुरूप तथा निर्धारित मात्रा के अनुसार न करने के आरोप में मामला दर्ज है।

# सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने का संदेश देगा आर्य समाज वार्षिकोत्सव



संवाददाता–बस्ती। आगामी 5 अक्तूबर से 8 अक्तूबर तक सुरतीहट्टा बस्ती में आयोजित आर्य समाज नई बाजार बस्ती के 51वें वार्षिकोत्सव की तैयारी भव्य रूप से चल रही है। जिसमें प्रभात फेरी, जन जागरण और दिनेश आर्य द्वारा आर्य वीर दल का प्रशिक्षण का कार्य निरंतर 20 सितंबर से जारी है। इसी कड़ी में आर्य समाज गांधी नगर बस्ती में जन जागरण का कार्यक्रम विनोद कुमार उपाध्याय अध्यक्ष प्रेस क्लब बस्ती के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें आचार्य सुरेश जोशी द्वारा वैदिक यज्ञ कराते हुए यजमानों को वैदिक धर्म का महत्व बताया गया।

उन्होंने कहा की आर्य समाज अविद्या के नाश और विद्या की वृद्धि के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। जिसके लिए वह जन–जन तक अपनी आवाज को पहुंचा रहा है ताकि समाज में वैदिक धर्म स्वीकार्यता बढ़ सके। जिला सभा के प्रधान ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि आर्य समाज का यह वार्षिक उत्सव सत्य को ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने का संदेश देगा। उन्होंने लोगों से सपरिवार महोत्सव में सम्मिलित होने का अनुरोध किया। पंडिता रुक्मणी ने सुरीले और प्रेरक भजनों से सबका मार्गदर्शन किया। आभार व्यक्त करते हुए विनोद उपाध्याय ने कहा कि आर्य समाज सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य बर्ताव करने की प्रेरणा देता है। अन्याय न करना और न ही सहने का संदेश देता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुरलीधर भारती, बृजकिशोर आर्य, वेद कुमार आर्य, सत्येन्द्र वर्मा, राधेश्याम सिंह, लवकुश सिंह, संतोष कुमार श्रीवास्तव, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, प्रीति उपाध्याय,ओंकार आर्य, राजकुमार, राजदेव, किरोड़ीचंद विसनानी, राजेन्द्र जायसवाल, दिलीप कसौधन, महिमा, प्रिया, मिथलेश, साक्षी, राधेश्याम आर्य, देवव्रत आर्य सहित अनेक लोग सम्मिलित रहे।

# आपरेशन से प्रसव के बाद महिला की मौत, शव रखकर हंगामा



संवाददाता–महराजगंज। पुरंदरपुर क्षेत्र के मोहनापुर स्थित मंजरी हास्पिटल में बुधवार को प्रसव के लिए भर्ती कराई गई महिला की ऑपरेशन के बाद हालत बिगड़ गई। आरोप है कि डॉक्टर ने आनन–फानन में उसे बिना ऑक्सीजन लगाए अपनी कार से गोरखपुर भेज दिया और गोरखपुर में डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। इससे नाराज परिजन देर रात शव लेकर हास्पिटल पर पहुंचे और शव रखकर हंगामा शुरू कर दिया। हंगामें की खबर पर पहुंची पुलिस ने समझा–बुझाकर मामला शांत कराते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

इस मामले में हास्पिटल के डॉक्टर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज हो गया है। बुधवार को बेलवा खुर्द निवासी श्यामू चौहान की 25 वर्षीया पत्नी शीतल चौहान को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन मंजरी हास्पिटल लेकर पहुंचे। श्यामू का आरोप है कि डॉक्टर ने बिना परिजनों को सूचित किए ऑपरेशन किया। बच्ची का जन्म हुआ, लेकिन महिला की हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि आनन–फानन में अस्पताल संचालक ने बिना परिजनों को बताए महिला को अपने वाहन से बिना ऑक्सीजन लगाए गोरखपुर ले जाने लगा। कुछ दूर जाने के बाद चालक के हवाले छोड़ फरार हो गया। चालक प्रसूता व उसके पति को लेकर गोरखपुर के अस्पतालों का चक्कर लगाने लगा। एक अस्पताल पर पहुंचने के बाद डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद नाराज परिजन शव लेकर हास्पिटल पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन करते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामला शांत किया। प्रसूता की मौत के बाद हॉस्पिटल संचालक सहित पूरा स्टाफ हॉस्पिटल छोड़कर फरार हो गया। जबकि परिजन शव को हॉस्पिटल के सामने रखकर प्रदर्शन करने लगे। परिजनों का यह भी आरोप है कि गोरखपुर में संचालक के ड्राइवर ने मृतका के परिजनों से नोंक–झोंक व हाथापाई की। परिजन शव रखकर कारवाई की मांग पर अड़े रहे। सूचना पर एसओ पुरुषोत्तम राव, एसआई सुनील कुमार वर्मा, एसआई संदीप यादव, एसआई सान्तनु शर्मा, एसआई रवि प्रकाश गुप्ता मयफोर्स मौके पर पहुंच गए। मोहनापुर में पुलिस छावनी बन गई थी। पुरुषोत्तम राव, एसओ, पुरंदरपुर ने कहा कि शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के पति श्यामू चौहान की तहरीर पर अस्पताल के डॉ. मुख्तार के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

डॉ. राजेश द्विवेदी, एसीएमओ, नोडल अधिकारी ने कहा कि मोहनापुर का मंजरी हास्पिटल पंजीकृत है। प्रसूता की मौत के कारणों की जांच टीम बनाकर की जाएगी। जरूरी कार्रवाई होगी।

# जीआईसी जनपद का एक गौरव –सांसद

संवाददाता–देवरिया। जीआईसी में नए भवन के निर्माण, छात्रावास, लाइब्रेरी, म्यूजियम, स्मार्ट क्लास, शौचालय के निर्माण तथा अन्य सुविधाओं के लिए शासन से स्वीकृति मिली है। इसे लेकर गुरुवार को कालेज सभागार में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि जीआईसी जनपद का एक गौरव है। और हम जनप्रतिनिधियों विशेष कर कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही के प्रयास से इसके बेहतरी के लिए शासन से जो धन अवमुक्त हुआ है उससे कालेज में छात्रों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास होगा। उन्होंने कहा कि कालेज में जनपद के दूरस्थ क्षेत्रों से विद्यार्थी अध्ययन के लिए आते हैं जिन्हे विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। यहां एक हजार विद्यार्थियों के लिए छात्रावास बन जाने से छात्र और छात्राओं को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक शिव नारायण सिंह ने कहा कि भवन निर्माण गुणवत्तापूर्ण हो तथा नियत समय में कार्य पूरा हो इसके लिए हम सभी मिलकर प्रयास करेंगे। इस दौरान भाजपा नेता दिवाकर मिश्रा, शिक्षक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिंकर मिश्रा, एक्सईएन राजेंद्र नाथ राय, जेई ज्योति नारायण, सतीश कुमार पांडे, रामप्रताप सागर, नंद लाल चौधरी, नीरज सिंह, मनीष मणि त्रिपाठी, प्रिंस चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

# मां ने दुधमुंही बच्ची को सेफ्टी टैंक में डुबाकर मार डाला, बेटी पैदा होने पर नाराज था पति





संवाददातागोण्डा। अर्जुनपुर ग्राम पंचायत के मेहरबानपुरवा में दुधमुंही बच्ची की मौत के मामले में बुधवार को पुलिस ने उसकी मां जगपती के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि बेटी पैदा होने के बाद उसका पति नाराज था और वह मुंबई से घर नहीं आ रहा था। बीते शनिवार की रात संदिग्ध हालात में बिस्तर से गायब हुए दुधमुंही बच्ची का शव सोमवार को शौचालय के टैंक से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की डूबने से मौत होने की पुष्टि हुई है। पुलिस हत्यारोपी मां को हिरासत में लेकर पूछताछ करने में जुटी है। जांच में पता चला है कि बेटी पैदा होने के ताने से नाराज मां जगपती ने शनिवार की रात 10 बजे मोबाइल पर मुंबई में रह रहे पति माताफेर से बात की। इसके आधे घंटे बाद बच्ची गायब हो गई। ससुर सीताराम का आरोप है कि उसकी बहू ने ही अपनी बच्ची को घर के पीछे टैंक में डुबोकर मार डाला। सीताराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि शनिवार की रात नातिन शगुन गायब हो गई थी। रविवार को उसने जानवर के उठा ले जाने की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी थी। सोमवार को उसका शव घर के पीछे बने शौचालय के टैंक के पानी में उतराता हुआ मिला। ससुर का आरोप है आठ माह की बच्ची चलकर वहां तक जा नहीं सकती। जब उसने पता किया तो पता चला कि उसकी मां ने ही बच्ची को मारने के लिए टैंक के पानी में डाल दिया था। पहले बच्ची को खोजने के लिए पुलिस व वन विभाग ने दो दिन सर्च अभियान चलाया। इसके बाद एसपी विनीत जायसवाल व एएसपी राधेश्याम राय ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घर के पीछे गड्ढे व टैंक से पानी निकलवाए जाने का निर्देश अधीनस्थों को दिया था। पुलिस ने जैसे ही पम्पिंग सेट से टैंक से पानी निकलवाना शुरू किया तो बच्ची टैंक में मिल गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची की मौत पानी में डूबने से होने की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को इसका खुलासा कर दिया जाएगा। एएसपी पश्चिमी के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर पूछताछ में पता चला है कि पति माताफेर मुंबई चला गया था। बेटी पैदा होने के बाद वह घर नहीं आया। उसके बड़े भाई के दो बेटे हैं। एएसपी ने बताया कि बेटी पैदा होने से पति नाराज था।

डाक पंजीकरण संख्या बी.एस.टी.62 R.N.I. 40367/84

साप्ताहिक

**आवाज दर्पण**

प्रत्येक रविवार

**स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक दिनेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स कचहरी परिसर गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से प्रकाशित और मुद्रक प्रदीप चन्द्र पाण्डेय द्वारा दर्पण प्रिन्टिंग प्रेस 1–4 A लोहिया काम्पलेक्स कचहरी परिसर गांधीनगर बस्ती (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक–दिनेश चन्द्र पाण्डेय**

**मो.09450567450**

**Email- Awazdarpan@yahoo.com**